महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त / NAAC Accreditation 'A' Grade

क़ादर नवाज़ ख़ान
Kadar Nawaz Khan
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Registrar (Acting)

दूरभाषक्र./Phone No.: 07152-230902

क्रमांक: 04/परी/दी.स.वि./2026/28 | 3929
दिनांक: 12 .04.2026

छठवाँ दीक्षांत समारोह-2026 में उपस्थित होने वाले विद्यार्थियों/शोधार्थियों के लिए दिशा-निर्देश

विश्वविद्यालय में 16 अप्रैल, 2026 को छठवाँ दीक्षांत समारोह-2026 आयोजित है। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भारत की माननीय राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय की माननीय कुलाध्यक्ष होंगी। साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों का आगमन होगा। अतिथियों की कड़ी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने के लिए पंजीकरण उपरांत गूगल फॉर्म पर व्यक्तिश: आने की पुष्टि की है उन विद्यार्थियों/शोधार्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं:-

(i) दीक्षांत कार्यक्रम में सहभागिता हेतु जिला प्रशासन, वर्धा द्वारा जारी **प्रवेश पास** कुलानुशासक कार्यालय से **दिनांक 15.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे से सांय: 05:30 तक** प्राप्त करें।

(ii) सभी सहभागियों को **दिनांक 15.04.2026 को आयोजित पूर्वाभ्यास (Rehearsal)** में सम्मिलित होना आवश्यक है। पूर्वाभ्यास के समय संबंधी सूचना शीघ्र ही संबंधित सहभागियों को दी जायेगी।

(iii) सुरक्षा कारणों से किसी भी विद्यार्थी/शोधार्थी के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित नागार्जुन अतिथि गृह एवं फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में आवासीय व्यवस्था नहीं होगी। संबंधित विद्यार्थी/शोधार्थियों को आवासीय व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(iv) समस्त विद्यार्थियों/शोधार्थियों को जिन्होंने पंजीकरण उपरांत गूगल फॉर्म पर व्यक्तिश: आने की पुष्टि की है, उन्हें दिनांक 16.04.2026 को विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह-2026 हेतु निर्धारित पोशाक पहनकर आना एवं जिला प्रशासन, वर्धा द्वारा जारी **प्रवेश पास** तथा अपने वैध पहचान पत्र (ID Proof) जैसे-आधार कार्ड, पैन कार्ड, महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध पहचान पत्र या भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ दीक्षांत समारोह स्थल: '**टैगोर कल्चरल कॉम्पलेक्स, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय परिसर**' में **पूर्वाह्न: 09:00 बजे से 10:00 बजे** तक उपस्थित होना अनिवार्य है।

(v) दीक्षांत समारोह स्थल में मोबाइल फोन एवं अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

(vi) दीक्षांत समारोह के समापन की घोषणा के पश्चात विशिष्ट अतिथियों के प्रस्थान तक सभी अपने स्थान पर ही बैंठे रहेंगे। मंच से सूचना प्राप्त होने के पश्चात ही दीक्षांत समारोह स्थल से प्रस्थान करेंगे एवं दीक्षांत समारोह के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखें।

(vii) संबंधित **विद्यापीठों के कार्यालय** से समस्त उपाधिधारकों को उपाधियाँ/मेडल (पीएच.डी./एम.फिल./स्नातकोत्तर/स्नातक) वितरण दिनांक 16.04.2026, अपराह्न: 03:00 बजे से किया जायेगा।

क़ादर नवाज़
12/4/26

निरंतर....2

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त / NAAC Accreditation 'A' Grade

ज्ञान शांति मैत्री

क़ादर नवाज़ ख़ान

Kadar Nawaz Khan

कुलसचिव (कार्यवाहक)

Registrar (Acting)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूरभाषक्र./Phone No.: 07152-230902

(viii) दीक्षांत समारोह समापन के पश्चात सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों/शोधार्थियों हेतु दोपहर की भोजन व्यवस्था छात्रों हेतु संतुष्टि मेस में एवं छात्राओं हेतु अन्नपूर्णा मेस में की गई है। इस हेतु **'टैगौर कल्चरल कॉम्पलेक्स'** से दोपहर 01:00 बजे छात्रों को वाहन के माध्यम से संतुष्टि मेस तक एवं छात्राओं को अन्नपूर्णा मेस तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

(ix) भोजन उपरांत अपराह्न: 03:00 बजे संतुष्टि मेस एवं अन्नपूर्णा मेस से विद्यार्थियों/शोधार्थियों को उपाधियाँ/मेडल प्राप्त करने के लिए पृथक-पृथक वाहनों के माध्यम से संबंधित विद्यापीठों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

कादर नवाज़
(कुलसचिव)
12/4/26

प्रतिलिपि (ई-मेल के माध्यम से)

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारी
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय
6. कुलानुशासक कार्यालय
7. मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय
8. अकादमिक विभाग
9. प्रभारी, लीला, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु
10. संबंधित पत्रावली।

पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

Post: Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha–442001 (Maharashtra), India

वेबसाइट/Website : www.hindivishwa.org